# लखनऊ विश्वविद्यालय
University of Lucknow
(Accredited A++ by NAAC)

# University in News on 02 January 2023

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### महिलाओं की सहभागिता को बढ़ाने की जरूरत

लखनऊ। राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रो. रश्मि जैन ने कहा कि महिलाओं की जितनी सहभागिता हमारे देश के निर्णयों में होनी चाहिए, वह अभी तक नहीं है। उन्होंने कहा कि महिला और पुरुष इस जीवन रूपी गाड़ी के दो पहिए हैं। इसे सही से चलाने के लिए दोनों को समान समझना बहुत जरूरी है।

**लविवि में हुई कार्यशाला**

वे लविवि के समाजशास्त्र विभाग, अलका महाविद्यालय जगतसिंगपुर ओडिशा, वीवाईटी पीजी कॉलेज दुर्ग और खुनखुन जी गर्ल्स डिग्री कॉलेज के संयुक्त तत्वावधान में जेंडर एवं सोसाइटी विषयक कार्यशाला को संबोधित कर रहीं थीं। वहीं लविवि के समाजशास्त्र विभाग के प्रो. डीआर साहू ने कहा कि समाज में महिलाओं के मूल्य को समझने व स्वीकारने की जरूरत है।

लविवि के प्रो. राकेश चंद्रा ने जेंडर और सेक्स से जुड़ी भ्रांतियों, जेंडर की तीन धाराओं की जानकारी दी। कार्यशाला में डॉ. सुचित्रा, डॉ. ज्योत्सना पांडेय, डॉ. प्रदीप रंजन पटनायक, डॉ. अंशु केडिया आदि मौजूद रहे। (माई सिटी रिपोर्टर)

### आज से खुलेंगे कॉलेज व लखनऊ विश्वविद्यालय

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय जाड़े की छुट्टियों के बाद सोमवार से फिर गुलजार होंगे। विश्वविद्यालय व कॉलेजों में 25 दिसंबर से एक जनवरी तक जाड़े की छुट्टी घोषित की गई थी। इसके बाद सोमवार से फिर से कक्षाएं शुरू होंगी।

वहीं इस बीच प्रो. आलोक कुमार राय दोबारा कुलपति बने हैं। नए साल में वे भी नई योजनाओं पर तेजी से काम शुरू करेंगे। सोमवार से ही ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय भी जाड़े की छुट्टियों के बाद सोमवार से खुलेगा।

### पीएचडी हॉस्टल की आवंटन सूची जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पीएचडी कोर्स में प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए हॉस्टल आवंटन की दूसरी सूची रविवार को जारी कर दी गई है। चीफ प्रोवोस्ट प्रो. अनूप कुमार सिंह के अनुसार, विद्यार्थी वेबसाइट पर सूची देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को चार जनवरी तक फीस जमा करनी है। (माई सिटी रिपोर्टर)

### कुलपति करेंगे सभागार का उद्घाटन

लखनऊ। लविवि के मैनेजमेंट विभाग में भी एक नया सभागार बनकर तैयार हो गया है। इसकी क्षमता 200 लोगों की है। अब विभाग अपने यहां बड़े कार्यक्रम भी कर सकेगा। नए साल पर सोमवार को कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय इसका विधिवत उद्घाटन करेंगे। रविवार को छुट्टियों के बाद भी इसकी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 4

### हॉस्टल आवंटन की लिस्ट जारी

■ एनबीटी सं, लखनऊ : एलयू ने रविवार को पीएचडी में चयनित शोधार्थियों की हॉस्टल आवंटन की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। लिस्ट एलयू की वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। 12 पुरुष शोधार्थियों को बलरामपुर हॉस्टल और चार महिला शोधार्थियों को गोल्डन जुबली हॉस्टल दिया गया है। फीस जमा करने की आखिरी तारीख चार जनवरी है।

### को-कैरिकुलर कोर्स की क्लास आज से

■ एनबीटी सं, लखनऊ : लखनऊ यूनिवर्सिटी में स्नातक प्रथम और तृतीय सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के लिए प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विषय की को-कैरिकुलर कोर्सेस 2022-23 की कक्षाएं सोमवार से शुरू हो जाएंगी। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिन स्टूडेंट्स ने प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विषय को-कैरीकुलर कोर्स के रूप में चुना है, उनकी कक्षाएं दोपहर 3:45 बजे से 4:45 बजे के बीच चलाई जाएंगी। कक्षा में सभी छात्र-छात्राओं को उपस्थित होना अनिवार्य है।

## JAGRAN CITY PAGE III

### आज से खुलेगा लखनऊ विश्वविद्यालय

शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार से फिर खुल जाएगा। इस दौरान विभागों में कक्षाएं अपने निर्धारित समय से संचालित होंगी। छुट्टियों में अपने घर गए काफी छात्र-छात्राएं भी रविवार को वापस हास्टल लौट आए हैं। एआइएच विभाग ने को-करिकुलर कोर्स की कक्षाओं का समय पहले ही जारी कर दिया है। यहां 3.45 से 4.40 तक क्लास लगेगी।

### लवि पीएचडी हास्टल आवंटन की दूसरी सूची जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को पीएचडी हास्टल आवंटन की दूसरी सूची जारी कर दी। इसमें रैंक के अनुसार



बलरामपुर हास्टल में 12 और गोल्डन जुबली हास्टल में सिर्फ चार छात्राओं को आवंटन मिला है। सभी को चार जनवरी तक फीस जमा करनी होगी।

### छुट्टियों का कैलेंडर जारी

लवि ने कुलपति प्रो. आलोक राय के आदेश पर जनवरी, फरवरी की सार्वजनिक एवं निर्बंधित अवकाश का कैलेंडर जारी कर दिया। दो महीने में तीन सार्वजनिक और छह निर्बंधित अवकाश घोषित कर दिए गए। कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि निर्बंधित अवकाश प्रत्येक कर्मचारी को वर्ष में केवल दो ही मिलेंगे जो विभागाध्यक्ष स्वीकृत करेंगे। जल्द ही बचे अवकाश की सूची जारी की जाएगी।

### इंटर्नशिप आज से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के एमएससी केमिस्ट्री और एमएससी फार्मास्यूटिकल केमिस्ट्री तीसरे सेमेस्टर के दूसरे बैच के छात्र-छात्राओं की इंटर्नशिप सोमवार से शुरू होगी। यह इंटर्नशिप उनके सेमेस्टर पाठ्यक्रम का हिस्सा है। केमिस्ट्री विभाग के हेड प्रो. अनिल मिश्रा ने बताया कि इंटर्नशिप के लिए छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान (एनबीआरआइ) और भारतीय विष विज्ञान अनुसंधान संस्थान (आइआइटीआर) जाएंगे। एक बैच फाइटोकेमिकल विश्लेषण तकनीशियन और दूसरा बैच हर्बल उद्योग के लिए गुणवत्ता विश्लेषण के बारे में सीखेगा। (जासं)

### लवि : मल्टीनेशनल कंपनियां देंगी नौकरी के अवसर

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को नौकरी के लिए विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियां जैसे टीसीएस, विप्रो, इंफोसिस, एसेंचर, टेक महिंद्रा, हेक्सावेयर टेक्नोलाजीस, वर्चुसा साफ्टवेयर, कैपजेमिनी, बिरलासाफ्ट से बातचीत हुई है। ये कंपनियां प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों को जाब आफर देंगी।



लवि को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद बहुत सी कंपनियों का विश्वविद्यालय की ओर रुझान बढ़ गया है। मल्टीनेशनल कंपनियां यहां के विद्यार्थियों को लगातार जाब दे रही हैं। अब नए साल में भी कोलैबेरा, रिलायंस जियो, रिवेचर, एचसीएल से लेकर मल्टीनेशनल कंपनी डेलायट, अमेरिका की सबसे बड़ी महिला-स्वामित्व वाली आइटी स्टाफिंग कंपनी आर्टेक भी आने की तैयारी में हैं। प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनियों से बात हुई है। अप्रैल तक काफी कंपनियां बीटेक, बीबीए, बीसीए से लेकर स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थियों को जाब के अवसर उपलब्ध कराएंगी। विप्रो कंपनी वर्क इंट्रीगेटेड लर्निंग प्रोग्राम के तहत नौकरी के साथ प्रतिष्ठित एजुकेशन इंस्टीट्यूट से प्रायोजित एमटेक करने का अवसर भी देगी।

**तीन से 16 लाख तक पैकेज**

डा. हिमांशु के मुताबिक कंपनियां विद्यार्थियों को असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर, साफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी, एसोसिएट एनालिस्ट, एप्लीकेशन डेवलपमेंट एसोसिएट, प्रोजेक्ट इंजीनियर, फिंटेक इंजीनियर, एसोसिएट रिक्रूटर, ट्रेनी इंजीनियर, जावा डेवलपर, एनालिस्ट ट्रेनी, टैलेंट स्पेशलिस्ट, एसोसिएट इन नॉन-आफिसर (क्लेरिकल), बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट्स, एक्जीक्यूटिव (केमिस्ट- क्वालिटी एश्योरेंस), रिसर्च एसोसिएट सहित विभिन्न पदों पर आफर देंगी। तीन लाख रुपये से लेकर अधिकतम 16 लाख प्रतिवर्ष पर रिक्रूटमेंट होगा।

### छात्र-छात्राओं की समस्याएं दूर करने के लिए अफसर तय

जासं, लखनऊ : शासन ने उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग में भी पांच अधिकारियों को नामित किया है। इसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का कार्य समय से न हुए तो वह इन अफसरों के पास ई-मेल के माध्यम से अपील कर सकेंगे।

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि छात्र-छात्राओं के माइग्रेशन, मार्कशीट सहित सभी कार्य के लिए समय सारिणी तय है। यदि निर्धारित समय पर उनका कार्य नहीं होता है तो वह अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं। इनमें विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव महेश चंद्र शुक्ल, प्रथम अपीलीय अधिकारी कुलसचिव संजय मेधावी, द्वितीय अपीलीय अधिकारी उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव ब्रह्मदेव, पुनरीक्षण अधिकारी संबंधित अनुभाग के विशेष सचिव और नोडल अधिकारी के रूप में विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश कुमार त्यागी का नाम शामिल है।

### सभागार का उद्घाटन आज

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय को सोमवार को एक और भव्य सभागार की सौगात मिलेगी। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय दोपहर एक बजे एमबीए विभाग में बने नए सभागार का उद्घाटन करेंगे। इस सभागार में 214 लोगों के बैठने की व्यवस्था रहेगी। आडियो वीडियो सहित सभी सुविधाएं भी हैं। अभी तक विश्वविद्यालय के पास पुराने परिसर में सोशल वर्क विभाग का सभागार, मालवीय सभागार और द्वितीय परिसर में विश्वकर्मा सभागार है। एमबीए का नया सभागार बनने से यहां सांस्कृतिक कार्यक्रम, विभागाध्यक्षों आदि की बैठक भी हो सकेगी। (जासं)

## i-NEXT PAGE 4

लखनऊ विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स को मिलेगा मौका

# मल्टीनेशनल कंपनियों में मिलेगा जॉब का चांस




**i GOOD NEWS** LUCKNOW (1 Jan): एलयू के छात्र-छात्राओं को नए साल में नौकरी के तमाम अवसर मिलेंगे. विभिन्न मल्टीनेशनल कंपनियां जैसे टीसीएस, विप्रो, इंफोसिस, एसेंचर, टेक महिंद्रा, हेक्सावेयर टेक्नोलाजीस, वर्चुसा साफ्टवेयर, कैपजेमिनी, बिरलासाफ्ट आदि से बात हुई. यह कंपनियां प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों को जाब आफर देंगी. इंजीनियरिंग संकाय की प्लेसमेंट सेल ने तैयारी भी शुरू कर दी है.

लखनऊ विश्वविद्यालय में इंजीनियरिंग संकाय की प्लेसमेंट सेल ने शुरू की तैयारी

### कई कंपनियां आ रही हैं

लखनऊ यूनिवर्सिटी को नैक मूल्यांकन में ए प्लस प्लस ग्रेड मिलने के बाद बहुत सी कंपनियों का विश्वविद्यालय की ओर रुझान बढ़ गया है. मल्टीनेशनल कंपनियां यहां के विद्यार्थियों को लगातार जाब दे रही हैं. अब नए साल में भी कोलैबेरा, रिलायंस जियो, रिवेचर, एचसीएल से लेकर मल्टीनेशनल कंपनी डेलायट, अमेरिका की सबसे बड़ी महिला-स्वामित्व वाली आइटी स्टाफिंग कंपनी आर्टेक भी आने की तैयारी में हैं.

### कई कंपनियों से हुई है बात

प्लेसमेंट सेल के प्रभारी डा. हिमांशु पांडेय ने बताया कि कंपनियों से बात हुई है. अप्रैल तक काफी कंपनियां बीटेक, बीबीए, बीसीए से लेकर स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थियों को जाब के अवसर उपलब्ध कराएंगी. विप्रो कंपनी वर्क इंट्रीगेटेड लर्निंग प्रोग्राम के तहत नौकरी के साथ भारत के प्रतिष्ठित एजुकेशन इंस्टीट्यूट से प्रायोजित एमटेक करने का अवसर भी देगी.



### तीन से 16 लाख तक मिलेगा पैकेज

डा. हिमांशु के मुताबिक कंपनियां विद्यार्थियों को असिस्टेंट सिस्टम इंजीनियर, साफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेनी, एसोसिएट एनालिस्ट, एप्लीकेशन डेवलपमेंट एसोसिएट, प्रोजेक्ट इंजीनियर, फिंटेक इंजीनियर, एसोसिएट रिक्रूटर, ट्रेनी इंजीनियर, जावा डेवलपर, एनालिस्ट ट्रेनी, टैलेंट स्पेशलिस्ट, एसोसिएट इन नॉन-आफिसर (क्लेरिकल), बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट्स, एक्जीक्यूटिव (केमिस्ट- क्वालिटी एश्योरेंस), रिसर्च एसोसिएट सहित विभिन्न पदों पर आफर देंगी. तीन लाख रुपये से लेकर अधिकतम 16 लाख प्रतिवर्ष पैकेज पर रिक्रूटमेंट होगा.

### समस्याएं दूर करने के लिए अफसर तय

उच्च शिक्षा विभाग में भी पांच अधिकारियों को नामित किया गया

LUCKNOW (1 Jan): शासन ने उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम 2011 को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उच्च शिक्षा विभाग में भी पांच अधिकारियों को नामित किया है. इसके तहत लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्र-छात्राओं का कार्य समय से न हुए तो वह इन अफसरों के पास ई-मेल के माध्यम से अपील कर सकेंगे.

**समय सारिणी तय की गई**

एलयू के कुलसचिव संजय मेधावी ने बताया कि स्टूडेंट्स के माइग्रेशन, मार्कशीट सहित सभी कार्य के लिए समय सारिणी तय है. यदि निर्धारित समय पर उनका कार्य नहीं होता है तो वह अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं.

**इनका किया गया चयन**

इनमें विश्वविद्यालय के सहायक कुलसचिव महेश चंद्र शुक्ल, प्रथम अपीलीय अधिकारी कुलसचिव संजय मेधावी, द्वितीय अपीलीय अधिकारी उच्च शिक्षा के संयुक्त सचिव ब्रह्मदेव, पुनरीक्षण अधिकारी संबंधित अनुभाग के विशेष सचिव और नोडल अधिकारी के रूप में विशेष सचिव उच्च शिक्षा गिरिजेश कुमार त्यागी का नाम शामिल है.



### हास्टल आवंटन की दूसरी लिस्ट जारी

LUCKNOW(1 Jan): लखनऊ विश्वविद्यालय ने रविवार को पीएचडी हास्टल आवंटन की दूसरी सूची जारी कर दी. इसमें रैंक के अनुसार बलरामपुर हास्टल में 12 और गोल्डन जुबली हास्टल में सिर्फ चार छात्राओं को आवंटन मिला है. हालांकि सूची में यह नही बताया गया है कि स्टूडेंट्स को कब तक फीस जमा करनी है. शीतकालीन अवकाश के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय सोमवार से फिर खुल जाएगा. इस दौरान विभागों में कक्षाएं अपने निर्धारित समय से संचालित होंगी. एआइएच विभाग ने को-करिकुलर कोर्स की कक्षाओं का समय पहले ही जारी कर दिया है. यहां 3.45 से 4.40 तक क्लास लगेगी.

### छुट्टियों का कैलेंडर जारी

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय के आदेश पर वर्ष 2023 के जनवरी एवं फरवरी की सार्वजनिक एवं निर्बंधित अवकाश का कैलेंडर जारी कर दिया. दो महीने में तीन सार्वजनिक और छह निर्बंधित अवकाश घोषित कर दिए गए.

## SWATANTRA BHARAT PAGE 2

### एलयू छात्र के स्टार्टअप को मिली हरी झंडी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। एलयू कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय द्वारा शुरू की गई प्रमुख योजनाओं में से एक के तहत उद्यमिता कौशल को बढ़ावा देने के लिए यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन सेल, एलयू द्वारा पहला स्टार्टअप, यूपी सरकार द्वारा पंजीकृत और अनुमोदित किया गया है। यह कंपनी बीटूबी यानी बिजनेस टू बिजनेस प्लेटफॉर्म के रूप में इनोवेटिव फूड डिलीवरी मॉडल पर स्थापित है, जहां यह रेस्तरां और खुदरा स्टोरों को कच्चा माल और अन्य व्यावसायिक आवश्यकताएं प्रदान करेगी। इस टीम के सदस्यों में विशाल शर्मा, एनसी थॉमस, शैलेश गुप्ता शामिल हैं।

इंक्यूबेशन सेल के निदेशक प्रो. अमृतांशु शुक्ला ने बताया कि कैप्सिको ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के छात्र अमन कुमार शर्मा द्वारा शुरू की गई एक कंपनी को यूपी सरकार की स्टार्टअप कंपनी के रूप में पंजीकृत किया गया है और एलयू द्वारा इनक्यूबेट किया जा रहा है। प्रो. शुक्ल ने बताया कि विश्वविद्यालय इस तरह के स्टार्टअप के लिए पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए हर संभव सहयोग दे रहा है और जल्द ही कुछ और कंपनियों को पंजीकृत किया जा सकता है।

यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र में नवाचारों, उद्यमिता और स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एलयू ने पहले से ही एक सेक्शन-8 कंपनी के रूप में एक पूर्ण नवाचार और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण उद्यम, नवांकुर फाउंडेशन की स्थापना की है। यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन सेल का मिशन सामाजिक लाभ के लिए विश्वविद्यालय के हितधारकों द्वारा किए गए शोधकार्य के व्यवसायीकरण को बढ़ावा देने और बनाए रखने के लिए उद्योग के साथ लिंकेज की पेशकश करना और एक प्रभावी इंटरफेस के रूप में कार्य करना है। नवांकुर फाउंडेशन के माध्यम से यूनिवर्सिटी इनक्यूबेशन सेल क्षेत्र के नागरिकों के सामने आने वाली कई तकनीकी-सामाजिक-आर्थिक चुनौतियों को हल करने में सरकारी विभागों और एजेंसियों को भी सहयोग प्रदान करेगा।

### हॉस्टल आवंटन में फीस जमा करने की अंतिम तिथि 4 जनवरी

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। पीएचडी के चयनित अभ्यर्थियों हेतु हॉस्टल आवंटन की दूसरी सूची लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। इन सभी अभ्यर्थियों की फीस जमा करने की अंतिम तिथि 04 जनवरी है।

